तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025



12 सड़क चौड़ीकरण के लिए 40 करोड़ 22 लाख ...





12 पंचायत सचिवों की हड़ताल को मिला विधायक का ...






## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्धकृत शेखराम।

सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

### प्रयास : यातायात पुलिस ने कई बार एनएचएआई के अधिकारियों को कराया अवगत

# एनएचएआई की लापरवाही से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर हो रहे हादसे, यातायात पुलिस हादसों को रोकने प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नाथियानवागांव से धमतरी के पास तक एनएचएआई ने सड़क का उन्नीयकरण किया और मरकाटोला के

- आम जनता की मांग लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर दर्ज हो मामला

आगे प्रत्येक वाहन से टोल टैक्स वसूला जा रहा है। इस सड़क की मानीटरिंग और मरम्मत करने की जिम्मेदारी एनएचएआई पर है, परंतु इस विभाग के धमतरी में बैठे अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं है। यातायात विभाग कांकेर मजबूरी में हादसों को रोकने के लिए ब्लिंकर लगाते हुए बेरीकेड्स लगवा रहे है। नाथियानवागांव से लेकर मचांदुर तक कई जगह सड़कों के मध्य में लोहे के राड से डिवाइडर बनाए गए है। इन सभी डिवाइडरों में कई बार वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। इन स्थानों पर लगने वाले ब्लिंकर व अन्य संकेतक टूट गए है। वास्तव में इनको सुधार करने की जिम्मेदारी एनएचएआई की है, परंतु इस विभाग के अधिकारी धमतरी में बैठे है और नाथियानवागांव से मचांदुर के मध्य के टूटे डिवाईडरों को बनाने के लिए सुध नहीं ले रहे है। डिवाइडरों पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं होने के कारण सुधार के लिए यातायात पुलिस ने एनएचएआई से संवाद किया, परंतु बेहतर उत्तर नहीं मिल पाने के कारण यातायात विभाग अपने ही मद से टूटे हुए ब्लिंकर की जगह नए ब्लिंकर लगाने का काम किया है। इसके अलावा यातायात पुलिस ने सभी डिवाइडरों के प्रारंभ और अंत में बेरीकेट्स भी रखे है, जिससे वाहन चालकों को रात में नजर आएं और हादसों में कमी ▶▶| शेष पेज 10 पर



डिवाईडर के पाईप लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े हुए



यातायात पुलिस की टीम ब्लिंकर लगाते हुए



यातायात पुलिस ने स्टापर भी लगाएं, रूकी दुर्घटनाएं

### कुर्सी टूट गई, सुधारने वाला कोई नही

नाथियानवागांव से लेकर मचांदुर तक कई जगह यात्रियों को रोकने के लिए शेड बनाए गए हैं और वहाँ पर कुर्सियां रखी गई है। यात्रियों के बैठने के लिए कई जगह कुर्सी टूट गई है। कई जगह के शेड आँधी में उड़ चुके है। इनको सुधारने के लिए एनएचएआई गंभीर नहीं दिख रहा है। एनएचएआई के संज्ञान में कई बार लाया गया, परंतु सुधार आज तक नहीं हुआ।

### विधायक कर चुकीं हैं प्रदर्शन

विधायक सावित्री मंडावी चारामा में डिवाइडर में लगी लाइट के नहीं जलने और अन्य कई प्रकार की फैली अव्यवस्थाओं को लेकर टोल टैक्स नाका पर धरना प्रदर्शन कर चुकी हैं। विधायक के प्रदर्शन के बाद एनएचएआई के अधिकारियों ने कुछ दिन मरम्मत कार्य किया, उसके बाद फिर से भूल गए। विधायक ने कहा था कि टोल टैक्स वसूलते हो, ऐसे में आम नागरिकों को सुविधाएं भी दी जानी चाहिए। विधायक ने प्रदर्शन के दौरान कहा था कि एनएचएआई के अधिकारी व्यवस्था में सुधार करें, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। विधायक को यह मामला संज्ञान में लेकर अब उग्र आंदोलन करने की जरूरत दिखाई दे रही है।

### अफसरों पर दर्ज होना चाहिए मामला

शहरवासियों का कहना है कि एनएचएआई ने नाथियानवागांव से लेकर मचांदुर तक कई जगह डिवाइडर बना दिए है, परंतु उसकी समय-समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है। पुलिस विभाग को इस मामले में मरम्मत करवाने वाले अधिकारियों पर अपराध दर्ज होना चाहिए, क्योंकि उनकी लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। यह इलाका जिस भी सब इंजीनियर, एसडीओ और कार्यपालन अभियंता के अंतर्गत आता है, उनके खिलाफ भी लापरवाही का मामला दर्ज किया जाना चाहिए, तभी विभाग के आला अफसरों में सुधार आ पाएगा।

### ब्लिंकर व स्टापर लगाए गए

यातायात प्रभारी दीपक साव ने बताया कि डिवाइडर में टूटे हुए ब्लिंकर और पाइप को ठीक करने के लिए जानकारी दिया गया है, परंतु उनके द्वारा ठीक नहीं करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए डिवाईडर में ब्लिंकर लगाए जा रहे है और साथ ही बैरीकेट्स रखे जा रहे है, जिससे उन स्थानों में लगातार हो रहे हादसों को रोका जा सके।

## जमीन बंटवारे को लेकर ग्राम पटेल से विवाद, मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर थानांतर्गत ग्राम काटगांव में बंटवारा के बाद जमीन का माप-जोख पटवारी, आरआई, पटेल और ग्रामीणो की उपस्थिति में किया जा रहा था। तभी अचानक दो आरोपी आक्रोशित हो गए और ग्राम पटेल के बारे में अपशब्दो का प्रयोग करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। ग्राम पटेल ने थाना में दोनो आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। थाना में शिकायत करने पहुंचे बड़ेपारा काटगांव निवासी धनसाय कोमरा पिता स्व. मंगलीराम कोमरा ने पुलिस को बताया कि वर्ष 1998 से गांव का पटेल काम कर रहा हूं 21 मार्च को गांव के गनेशा बाई पति स्व. हेमलाल कोमरा एवं कौशिल्या बाई कोमरा पति स्व. भगवान सिंह के पट्टे की जमीन का बंटवारा तहसील कोर्ट चारामा के आदेशानुसार पटवारी व आरआई की उपस्थिति एवं ग्रामवासियो कि उपस्थिति में ▶▶| शेष पेज 10 पर



## तालाब में नहाने गई पत्नी से पति ने किया विवाद

**कांकेर।** पखांजुर के ग्राम पीव्ही 42 विद्यानगर में पति ने पत्नी को इस बात पर पिटाई कर दिया कि पत्नी तालाब में नहाने में देरी कर दिया। पति ने पत्नी पर अर्नगल आरोप लगाते हुए जाने से मारने की धमकी देते हुए पत्नी की पिटाई भी कर दिया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुँची सीमा बाला ने पुलिस को बताया कि ग्राम पीव्ही 42 विद्यानगर की निवासी हूँ और घरेलू एवं खेती किसानी का काम करती हूँ। 31 मार्च को दोपहर 12बजे गांव के तालाब में नहाने गई थी। पहले बच्चों को नहलाकर घर छोड़कर आई फिर मैं नहाकर घर जाने के लिए तैयार हो रही थी। उसी समय मेरा पति शेखर बाला आया और बोलने लगा कि तुम बहुत देर तक तालाब में नहा रही हो, मुझे बहुत भूख लगी है। तब बोली कि बच्चों को नहला रही थी, इस कारण नहाने में देर हुआ। तब मेरे पति ▶▶| शेष पेज 10 पर



## कैद में रहकर पढ़ाई करने वाले जेल बंदी दसवीं व बारहवीं की दे रहे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला जेल में कैद विचाराधीन, नक्सली प्रकरण व सजायाफ्ता बंदियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं के लिए जिला जेल में परीक्षा केंद्र प्रारंभ होने का प्रयास रंग लाया है। जेल में बंद कैदी पढ़ाई करके परीक्षा दे रहे है और यह परीक्षाएं भी पास कर रहे है।

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं, जिला जेल कांकेर के जेलर पी. रेनू धुर्वे, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल के अभिनव प्रयास से कैदी परीक्षा दे रहे है। जिला जेल में 26 मार्च से परीक्षाएं प्रारंभ हुई है, जिसके तहत 12वीं की ओपनबोर्ड परीक्षा में 10 बंदी एवं 10 वीं की परीक्षा में 12बंदी कुल 22 बंदी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि 2020 एवं 2021 के प्रस्ताव को छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर ने स्वीकृत करते हुए जिला जेल कांकेर को नवीन परीक्षा केंद्र 0817 घोषित कर आदेशित किया गया था, अब प्रतिवर्ष जैल बंदियो को सुरक्षा की दृष्टि से वर्ष में तीन बार अप्रैल, अगस्त एवं नवंबर की मुख्य एवं अवसर परीक्षा जिला जेल के केंद्र में आयोजित की जाती है। कैदियों को मोटिवेशन कर परीक्षा में सम्मिलित करवाकर उनकी तैयारी भी करवाई जाती है। इस अभिनव प्रयास का लगातार सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं। ओपन समन्वय केंद्र प्रभारी वाजिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कैदियों निःशुल्क पाठ्य पुस्तक ▶▶| शेष पेज 10 पर





## छात्रा के अपहरण का मामला आया सामने जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** थाना कांकेर क्षेत्र से नाबालिक लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। नाबालिक के पिता ने कांकेर थाना में अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि रोजी मजदुरी का काम करता हूं। मेरी बेटी कक्षा 9 वीं में पढ़ाई करती है। अपने परिवार के साथ 31 मार्च को घर में था और दोपहर का खाना बच्चो के साथ खाने के बाद मै कुछ देर के लिए सो गया था। दोपहर करीबन 3 बजे सोकर उठा तो देखा मेरी बेटी जो नाबालिक है, वह घर पर नही थी। तब मैने अपने बच्चो से पूछा तो उन्होंने बताया कि अभी तो घर मे थी। कहां है यह नहीं पता बोलने ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नपा की नई टीम से कांकेर शहर को व्यवस्थित करने की उठ रही मांग

# नया बाजार में शेड बनने के बाद भी सड़कों पर सज रही है सब्जी व फल की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर कांकेर में नया सब्जी बाजार बनकर तैयार हो गया है,यहाँ तक अब तो शेड भी बन गया है। यहाँ पर बुधवार और रविवार को सब्जी दुकानें सजती है, इसके बाद अन्य दिनों में सड़कों किनारे सब्जी दुकानें सज रही है। गांव के सब्जी विक्रेता कोचियों से परेशान होकर उनसे बचने के लिए दो रुपए ज्यादा कमाने के लिए सड़क किनारे लगाते है, यह तो दो से तीन घंटे में सब्जी बेंचकर चले जाते है, परंतु सब्जी कोचिया बाजार स्थल के बजाए सड़क किनारे दिनभर दुकान सजाएं रहते है, जिससे दुर्घटना की संभावना सदैव बनी रहती है। शहर के लोग नगर पालिका की नई टीम से यही आपेक्षा करती है कि सब्जी बाजार को नए बाजार में सही ढंग से व्यवस्थित किया जाएं। शहर का सब्जी बाजार अब सड़क पर ही लगने लगा है। इसके लिए नए व पुराने बाजार में पर्याप्त जगह है। इसके बावजूद शहर के अलग-अलग हिस्सों में सड़क किनारे सब्जी व फल के पसरे लगाए जा रहे हैं। कुछ तो पार्किंग स्थल पर ही स्थाई दुकान लगाने लगे हैं। इसके चलते लोग सड़क पर ही वाहन खड़ी कर रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार बेखबर हैं। साल 2013 में नगर पालिका ने लाखों की लागत से नया सब्जी बाजार बनवाया था, जो आज तक ठीक से आबाद नहीं हो पाया है। अब यहां डोम भी बनाया जा चुका है। उसके बाद भी सब्जी व फल विक्रेता सड़क किनारे ही दुकान सजा रहे है। रविवार और बुधवार साप्ताहिक बाजार को छोड़ दें तो यहां अब भी बाजार नहीं लगता है। इन दिनों मस्जिद चौक से लेकर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### नया बाजार बसाने का हर प्रयास रहा विफल

नया बस स्टैंड के पीछे बने नया बाजार में पहली बार साल 2014 में पुराने बाजार को शिफ्ट किया गया था, इसे लेकर सब्जी विक्रेताओं ने विरोध भी किया था, इसके बाद भी कार्रवाई बल पूर्वक की गई थी। इसके साथ ही शहर से सभी जगहों से सब्जी पसरों को हटाया गया था। इसके बाद नया बाजार में सब्जी दुकानें लगने लगी। कुछ दिन बाद फिर से सब कुछ अपने ढर्रे पर चलने लगा। इसे लेकर अब तक कई बार नगर पालिका नया बाजार में पसरों को शिफ्ट कर चुकी है, लेकिन कुछ दिन बाद ही स्थिति जस की तस हो जाती रही है।




## खबर संक्षेप

### संयुक्त संचालक ने किया आत्मानंद स्कूल का औचक निरीक्षण



**दुर्गूकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल में 1 अप्रैल को बस्तर संभाग संयुक्त संचालक शिक्षा जगदलपुर संजीव श्रीवास्तव ने पीएमश्री सेजेस दुर्गूकोंदल में औचक निरीक्षण किया। साथ में ब्लॉक नोडल पंकज श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। प्राचार्य के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। संयुक्त संचालक के द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा किया गया और अच्छे से पढ़ाई कर परीक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अन्य गतिविधियों के बारे में चर्चा किया गया एवं विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर बीआरसी लतीफ सोम, संस्था के प्राचार्य अजय नेताम, एसडीदास एo शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### मावली मंदिर में प्रज्ज्वलित हुई आस्था की ज्योति



**कोरर।** चैत नवरात्र पर्व पर बरगहिन गढ़ मावली मंदिर कोकानपुर में आस्था के 63 जोत-ज्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित कि गई है। ग्राम पटेल माखन मंडावी ने बताया कि माता कि सेवा लगे हुए है और नौ दिनों तक ज्योति कलश देखभाल करेंगे। बरगहिन गढ़ मावली कोकानपुर पहाड़ पर स्थित है, जिसे मावली पहाड़ के नाम से जाना जाता है। आस पास के 12 ग्रामों कि देवी होने के कारण बरगहिन कहा जाता है। यह ज्योति कलश स्थापना का 26 वां वर्ष है। यहां माता शेर पर विराजमान है। पहाड़ पर विभिन्न देवी देवताओं कि प्रतिमा है, जिसके दर्शन करने भक्त दूर-दूर से पहुंच रहे है। प्रतिदिन माता सेवा व जसगीत का कार्यक्रम होता है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय रहता है।

### किसानों की मांग पर कोसारटेडा जलाशय से छोड़ा गया पानी



**जगदलपुर।** खंडसरा, नाहारनी, केशरपाल, कुमली, फ़ाफनी, मुरकुची, बेसोली, बाकेल, सोरगाँव, भानपुरी और फरसगुड़ा के किसानों के सिंचाई हेतु मांग पर विभागीय मंत्री केदार कश्यप के निर्देश एवं कलेक्टर हरिस एस के निर्देशन में सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन के पश्चात 1 अप्रैल को कोसारटेडा जलाशय से रबी सिंचाई हेतु तीसरी बार जलाशय से 6.00 क्यूमेक जल नहरों के माध्यम से छोड़ा गया है। कुल 10 एमसीएम पानी सिंचाई हेतु बांध से विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। जिस पर किसानों द्वारा मंत्री केदार कश्यप को धन्यवाद देते हुए नवीन जलाशयों के अविलंब निर्माण की मांग की गई है ।

### वर्ड पॉवर चैम्पियनशिप में सम्राट ने हासिल किया राज्य में दूसरा स्थान



**कांकेर।** कलेक्टर नलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में कोयलीबेड़ा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पीव्ही 77 के कक्षा 5वीं के मेधावी छात्र सम्राट विश्वास ने राज्य स्तरीय वर्ड पॉवर चैम्पियनशीप में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक शाला से संबद्ध पूर्व माध्यमिक शाला पीव्ही 77 में पदस्थ शिक्षक केदारनाथ डिण्डोरे द्वारा छात्र को इस प्रतियोगिता के लिए आवश्यक तैयारियां कराया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप छात्र सम्राट विश्वास के द्वारा जिला, राज्य स्तर में सेमी फाईनल एवं फाईनल राउण्ड में जगह बनाते हुए द्वितीय स्थान पर प्राप्त कर कांकेर जिले का नाम रौशन किया। जिला

---

**उत्साह : आयोजन के दौरान जनजातीय लोक संस्कृति के रंग में सराबोर हुआ बस्तर**

# बस्तर पण्डुम के जिला स्तरीय कार्यक्रम का समापन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनजातीय संस्कृतियों और परंपराओं से सजी बस्तर पण्डुम के जिला स्तरीय आयोजन का समापन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रमुखजनों की उपस्थिति में हुआ। कोंडागांव के स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृतियों और परंपराओं को सभी विकासखंड से आए कलाकारों ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियों के साथ प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम में केशकाल विकासखंड के प्रतिभागियों ने जनजातीय नाट्य विधा में बस्तर की लोक संस्कृति को दर्शाती आमा जोगानी त्योहार को बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं फरसगांव विकासखंड के प्रतिभागियों ने धनकुल गीत के माध्यम से पुरातन वाद्य यंत्रें का प्रदर्शन किया। इसी तरह कोंडागांव विकासखंड के कलाकारों ने बस्तर के जनजातीय समाज के पारंपरिक परिधान और आभूषणों को दिखाया। साथ ही विलुप्त हो रहे वाद्य यंत्र विधा में कई वाद्य यंत्रें का स्थानीय बोली में परिचय के साथ प्रदर्शन किया गया। समापन समारोह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जनजातीय लोक नृत्य विधा में फरसगांव विकासखंड, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण, जनजातीय लोक गीत, लोक नाट्य और वाद्ययंत्र विधा में केशकाल, पेयपदार्थ एवं व्यंजन, शिल्पकला एवं चित्रकला विधा में कोंडागांव विकासखंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, समाज के प्रमुख, मांझी मेंबर, गायता पुजारी उपस्थित रहे।




***लोक संस्कृति के संरक्षण में युवा पीढ़ी की भागीदारी जरूरी***

*समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि जनजातीय समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक हर अवसर में लोक संस्कृति की झलक दिखाई देती है। इस परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए राज्य शासन लगातार प्रयासरत है और इसके संरक्षण में युवा पीढ़ी की भागीदारी भी आवश्यक है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष हीरा सिंह नेताम तथा नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी सोच के तहत बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से बस्तर पण्डुम का आयोजन किया जा रहा है।*

### आधुनिकता की चकाचौंध ने किया युवा पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से दूर

आधुनिकता के इस युग में हमारी युवा पीढ़ी जनजातीय संस्कृति और परंपराओं से दूर होती जा रही है और आधुनिकता की चकाचौंध में खो रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर पंडुम जैसे आयोजन के माध्यम से जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। यह आयोजन न केवल हमारी विलुप्त होती लोककला, नृत्य, गीत और संगीत को संजोने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित करा रही है, जिससे वे गर्व की अनुभूति कर सकें। इस आयोजन में पहली बार कई ऐसी जनजातीय परंपराएँ और लोक कला देखने को मिल रहे हैं, जो लुप्त होने के कगार पर हैं। हमें अपनी इन अमूल्य धरोहरों को सहेजने की आवश्यकता है, ताकि हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराएँ पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहें और समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखें।

---

## आठवीं बोर्ड के विज्ञान पेपर में सोशल साइंस व पांचवीं के प्रश्न!



**केशकाल।** जिले में आयोजित उच्च प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा के विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र में सामाजिक विज्ञान विषय के प्रश्न पूछे गए। इसके अलावा कई प्रश्न कक्षा पांचवीं के पर्यावरण विषय के भी थे। जब प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों में वितरित कर दिया गया तब प्रश्न पत्र में व्यापक त्रुटि होना ज्ञात हुआ और हड़कंप मच गया। जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव को यह त्रुटि ज्ञात होने पर उन्होंने यह संदेश व्हाट्स अप के माध्यम से सभी संकुल समन्वयक, प्राचार्यो तथा परीक्षा केंद्राध्यक्षों को भेजा कि वे बच्चों को सूचित करें कि विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्न ही हल करें। शीघ्र ही विज्ञान विषय के प्रश्न व्हाट्सप द्वारा प्रसारित किया जाएगा।

**जांच का विषय**- सर्वप्रथम तो यह त्रुटि होना ही नहीं चाहिए था और यदि प्रश्न पत्र में ही गलत मुद्रित हो गया हो तो परीक्षा रद्द कर देना ही सही निर्णय होता। व्हाट्सप द्वारा भेजे गए प्रश्नों को किस प्रकार परीक्षार्थियों को दिया गया, कितना अतिरिक्त समय लगा एवं उन क्षेत्रों में जहां इन्टरनेट सेवा नहीं है। परीक्षा कैसे संचालित की गई, यह जांच का विषय है। जिला प्रशासन ने इस चिंताजनक गम्भीर प्रकरण की ओर अविलंब ध्यान दें। ज्ञात हो कि अंग्रेजी माध्यम का प्रश्न पत्र ठीक था। ऐसी स्थिति में यह भी जांच आवश्यक है कि जब प्रश्न पत्र में सुधार कार्य हुआ तो अंग्रेजी माध्यम के प्रश्न पत्र के अनुरुप सुधार हुआ अथवा नहीं?

---

## जल जीवन मिशन का काम है अधूरा, ग्रामीण हो रहे परेशान

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत झिटकाटोला के आश्रित ग्राम हिंगनझर में जल-जीवन मिशन के तहत काम को शुरु हुए 6 माह हो चुका है। लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ। गांव में पानी टंकी बनकर तैयार है और बोर खनन किया गया है, लेकिन पानी सक्सेस नहीं हो पाया। गांव में पाईप लाइन नहीं बिछाई गई ना ही स्टैंड पोस्ट बनाई गई है। जल जीवन मिशन के काम में काफी लेटलतीफी हो रही है। पानी की परेशानी को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई है। ग्राम हिंगनझर में 95 घर हैं, जिसमें 35 घरों में स्टैंड पोस्ट बनाई गई है, लेकिन पाइप लाइन बिछाकर घरों में नल कनेक्शन नहीं दिया है। टंकी का निर्माण काम पूरा हुआ है, बोर खनन का काम अधूरा है, जिससे गांव में पानी सप्लाई नहीं हो पाया है। क्योंकि गांव में पाइप लाइन बिछाने के साथ कुछ घरों में स्टैंड पोस्ट नही लग पाया है। ग्रामीणों कि मांग है कि गांव में जल्द ही पानी सप्लाई शुरू किया जाए। पंचायत के साथ पीचई विभाग को ध्यान देना चाहिए। ग्रामीण धनसिंह ध्रुव, सियाराम कोरेटी, अजित नेताम, मोहन नेताम, धनीराम तुलावी, भगवान हिड़को, प्रेम सलाम ने बताया कि टंकी बनकर तैयार है। बोर खनन, पाइप लाइन और स्टैंड पोस्ट का काम अधूरा है, जिसके कारण पानी में सप्लाई विलंब हो रहा है।



## नवोदय में चयनित 9 विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**कांकेर।** विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित कुल 9 छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन बीआरसी कार्यालय कांकेर में किया गया। समारोह में जनपद उपाध्यक्ष कांकेर तारूणी ठाकुर उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षा खण्ड शिक्षा अधिकारी केआर सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चयनित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवोदय विद्यालय के लिए चयनित छात्र, छात्राओं में प्राथमिक शाला चिवरांज से दिव्यांजलि नेताम, तक्षशिला शिक्षा सदन कांकेर से लक्की नेताम, प्राथमिक शाला भीरावाही से ग्रेसी सिन्हा, जेएस पब्लिक स्कूल कांकेर से होमेन्द्र कुमार साहू एवं हर्शिता मंडावी, जेपी इंटरनेशनल स्कूल दीपेश ध्रुव, कुणाल कोर्राम, कृष्टिज्योति स्कूल से अनुशका भुसाखरे शामिल हैं। कार्यक्रम में छात्र, छात्राओं को शुभकामनाएं देने के साथ ही अन्य छात्रों को प्रेरित भी किया गया। इस दौरान बीईओ एवं बीआरसी ने कहा कि यह केवल 9 बच्चों की ही सफलता नहीं बल्कि कांकेर विकासखण्ड की सफलता है। उन्होंने कहा कि मार्गदर्शन एवं मेहनत से अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उपस्थित छात्र, छात्राओं को आगे भी इसी प्रकार मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर रूपेश्वर सिंह ठाकुर और बीआरसी डीके भास्कर सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं और पालकगण उपस्थित रहे।

## जीवन में सीखने की प्रक्रिया कभी पूरी नहीं होती : शुभ आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के सुभाषपारा में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को प्रवचनकर्ता छग विभुति बाल विदुषि शुभ आरती दीदी ने कथा के माध्यम से बताया कि श्रीमद देवी भागवत पुराण की तुलना अमृतकलश से भी नही किया जा सकता। दोनो के यदि तराजू में तुलना किए जाए तो श्रीमद देवी भागवत पुराण विशाल है। अमृतकलश मात्र शरीर को अमर करती है जबकि श्रीमद देवी भागवत पुराण कई पीढ़ी व जन्मो का उद्धार करती है। सुभाषपारा में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा में अनेक व अनन्त में क्या अंतर है। इस पर दीदी ने कहा कि अनेक को गिना जा सकता है, जबकि अंनत को गिना नही जा सकता है। अनन्त जीवन के पुण्य प्रताप से ही श्रीमद देवी भागवत कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है। कथा से ही जीवन की व्यथा दूर होती है, लेकिन आज कल लोग कथा सुनकर उन्हें आत्मसात करने के बजाय मनोरंजन के दृष्टि से देखते है। ऐसे में भला कैसे जीवन की व्यथा दूर होगी। कथा स्थल पर माँ भगवती विराजमान रहती है। दीदी ने कहा कि माँ से बड़ा कोई साथी नही होता है, शिशु के जन्म से लेकर जीवन के हर पहलू पर माँ साथ रहती हैं। जैसे दूध गौमाता से, विद्या सरस्वती माता से, जल -गंगा माता, धन-लक्ष्मी माता, शक्ति दुर्गा एवं खेलना कूद कर बड़ा होना के लिए धरतीमाता का सहारा होता है। भीषण गर्मी को देखते हुए कथा का समय 4 बजे से शाम 7 बजे तक रखा गया है। सुभाषपारा में जन सहयोग से आठ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत के आयोजन में भागीरथी प्रयास करने वाले में कैलाश शर्मा,रमेश शर्मा, राजेश जैन, विनोद जयसवाल, महेश जैन, प्रमिला दास, ललित जैन, रीता जयसवाल, कमला सिह, एन रंजीता, कौशल शांडिल्य, रीता सिह, अन्नपूर्णा ठाकुर, निर्मला यादव व सुशीला नायक के द्वारा किया जा रहा है।



### ईदगाह में मनाई गई ईद...



**कोण्डागांव।** ईदुल फितर के अवसर पर पूर्व मंत्री, व पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम, नवनियुक्त कोंडागांव कांग्रेस जिलाध्यक्ष बुधराम नेताम, तरुण गोलछा, झूमक दीवान, रितेश पटेल आदि ने ईदगाह परिसर पहुंच कर ईद की खुशियों में शिरकत की।

## पंचायत सचिव की हड़ताल से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**भानुप्रतापपुर।** पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर विगत 17 मार्च से हड़ताल कर रहे है। मांग पूरी नही होने कि स्थिति में मंगलवार को मंत्रालय घेराव करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन मंत्रालय घेराव कार्यक्रम को संशोधित कर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठे है। लम्बे समय से पंचायत सचिव के हड़ताल में रहने से पंचायत के समस्त कार्य प्रभावित हो रही है। वही ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित हो रहे है। ब्लाक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष कृष्णा कावड़े एवं सचिव रघुवर साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 2 अप्रैल 2025 से सभी ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मीडिया प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि विधानसभा चूनाव वर्ष 2023-24 में मोदी की गांरटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया है। बीते 7 जुलाई 2024 को इंडोर स्टेडियम रायपुर सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थिति के बीच सभी के द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की अति आवश्यक मानते हुए जल्द पूरा करने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 18 जुलाई 2024 को पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का उल्लेख किया था। आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है। जिस पर पंचायत सचिवों को पूर्ण आशा एवं विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात मिलेगा, लेकिन मांगों को दरकिनार किया।

प्रदर्शन के दौरान दुकालू गोटा, झाड़ू राम गोटा, कृष्णा कावड़े, रामकरण सिन्हा, पूनम दर्रो,निधि राजपूत, रघुवर साहू, केशा राम कोरेटी, अनिल पटेल, बरन सिंह ऑचला, बरसन सलाम, तुलसी यदु, धनाजी ठाकुर, गीता राम निषाद, रत्ती राम कावड़े, बज्जू राम पोटाई, बसंती नेताम, रामसेवक तेता, दीनानाथ वट्टी, आसमनी ध्रुव, कौशिल्या शोरी, हीरामन कोरेटी, संजय मरकाम, बलदेव हिड़ामी, फूलसिंह विश्वकर्मा, पवन कोर्राम, रूबी चौधरी, बलिराम पोया, सामबती मरकाम, संतोषी मंडावी, सुनीता सेवता, हीरामन कोठारी, जागेश्वर दर्रो, महेश कोड़ोपी, डीगेंद्र साहू व अन्य उपस्थित रहे।



---

**शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस, स्वास्थ्य अमला भी हुआ सक्रिय**

## गलत टीकाकरण से शिशु की मौत, परिजनों ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के नेहरूनगर में 3 माह के बच्ची के मौत होने से परिजनों द्वारा गलत टीकाकरण से मौत होने का स्वास्थ्य कर्मचारी पर आरोप लगाया गया था। इस घटना के संबंध में जांच टीम का गठन किया गया।

जांच टीम 1 अप्रैल दोपहर को भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। कर्मचारियों से चर्चा के पश्चात मृतक शिशु के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंची। 3 माह की बच्ची चित्रांशी के माता पिता से घटना का सम्पूर्ण विवरण लिया गया। साथ ही अन्य बच्चो के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई । घटना के संबंध में बच्चे की माता ने जांच अधिकारी को बताया कि आंगनबाड़ी में टीकाकरण के लिए मेरी भाभी का 9 महीने का पुत्र तन्मय और मेरी पुत्री चित्रांशी जो 3 माह की थी दोनो को लेकर गए थे। जहां स्वास्थ्य कर्मचारी ने पहले मेरी बेटी को टीका लगाया, फिर मेरे भाभी के बेटे को 9 महीने वाला जो टीका था उसे फिर से मेरे ही बेटी को लगा दिया। जिसपर स्वास्थ्य कर्मचारी ने कहा गलती से लग गया है, कुछ नही होगा। पर उसी रात से बच्ची का तबीयत बिगड़ना चालू हो गया। पुलिस थाना भानुप्रतापपुर में एफआईआर के लिए आवेदन दिया गया था, जिसपर पुलिस द्वारा पोस्टमार्डम करवाया गया था। पर अभी तक पोस्टमार्डम की रिपोर्ट नही मिली है। जांच अधिकारियों ने जांच के विषय में बताया कि अभी परिजनों से जानकारी ली गई है। टीका लगाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी से भी जानकारी ली जाएगी और बच्चे को ज्यादा तबीयत बिगड़ने पर धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, वहा भी जाकर बच्चे के विषय में जांच पड़ताल किया जाएगा। पोस्टमार्डम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति को देखते हुए उचित कार्यवाही की जाएगी।



**जांच जल में ये हैं शामिल**

जांच टीम में डीओ पी शंखवार, जिला टीकाकरण अधिकारी हेमंत नाग, शिशु एवं बाल रोग विशेष जिला चिकित्साल, डॉ अखिलेश धुर खण्ड चिकित्सा अधिकारी भानुप्रतापपुर, डॉ. शिरिश ढोरे, सर्वेलेस मेडिकल ऑफिसर डब्ल्यूएचओ, रत्ना पाल, खण्ड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी भानुप्रतापपुर, मुकेश सांडिल्य, सेक्टर सुपरवाईजर को शामिल किया गया।

---

## पेज 9 के शेष

### एनएचएआई ...

आ सके। यातायात पुलिस सड़क हादसों में कमी लाने के लिए प्रयासरत है, परंतु संबंधित विभाग एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग की जो जिम्मेदारी है, उनको सही ढंग से निर्वाह नहीं करने के कारण सड़क हादसे बढ़ते जा रहे है।

### जमीन बंटवारे को...

भूमि का माप जोख कर रहे थे। अचानक आरोपी कौशिल्या बाई एवं चन्द्रशेखर आक्रोशित होकर दोनो मुझे गांव का पटेल बनता है कहते हुए गाली देने लगे। जान से मार देंगे कहते हुए धमकी देने लगे, जिससे भी अपनी जान का भय बना हुआ है। ग्राम पटेल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### तालाब में नहाने...

शेखर बाला बोलने लगा कि तुम लड़के लोगो को देखने के लिए इतना देर लगाती है, कहकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए पत्थर को फेंककर मारा, जिससे पत्थर में बांए जांघ में लगा उसके बाद मुझे पकड़कर लोहे के पाना से सिर में पीछे तरफ मारा, जिसके चलते सिर से खून निकलने लगा, उसके बाद घर में आने के बाद पुनः हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट की आवाज सुनकर बेबी समाजपति, निकिता समाजपति, उत्तम विश्वास बीच बचाव किए। इन लोगों के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। पखांजुर पुलिस ने महिला की शिकायत पर महिला के आरोपी पति के खिलाफ धारा 296, 115 (3) , 351 (3) बीनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कैद में रहकर...

उपलब्ध कराई गई। जेल में केंद्र स्थापित होने के पश्चात अब प्रतिवर्ष आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जेल के परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष हेमलाल साहू एवं पर्यवेक्षक नागेश ओट्टी की जेल के केंद्र में सेवाएं ली जा रही है।

### छात्रा के अपहरण...

पर मैने घर में आसपास खोजबीन की। मुझे शंका है कि मेरी नाबालिक बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### नया बाजार में...

नए बस स्टैंड तक सड़क किनारे फिर से सब्जी व मौसमी फलों के विक्रेता दुकान लगाने लगे हैं। मस्जिद चौक व दूध नदी पुल के पास तो स्थाई रूप से सब्जी के पसरे लगने लगे हैं। नगर पालिका भी इनके खिलाफ स्थाई कार्रवाई नहीं कर पा रही है। इसके अलावा नया बाजार में अंदर जगह होने के बावजूद सब्जी विक्रेता बस स्टैंड के मुहाने व सड़क पर ही अपनी दुकानें लगा रहे हैं। सामान खरीदने में मशगूल खरीदारों की जरा सी चूक से हादसे हो सकते हैं। बस स्टैंड के मुहाने में इससे पहले भी हादसे हो चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें वहां से हटाकर अंदर नहीं किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सूचना का अधिकार कार्यशाला स्थगित

**जगदलपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम के व्यापक प्रचार प्रशिक्षण हेतु संभाग स्तरीय कार्यालय के जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों हेतु अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला 4 अप्रैल समय प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### शिकायत निवारण के लिए अधिकारी नियुक्त

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित शिकायत निवारण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही समस्या समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोलफ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड एचएस मरकाम ने बताया कि उक्त टोलफ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का सुधार किया जा रहा है। साथ ही क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में शिकायत निवारण के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी के तहत दरभा एवं लोहण्डीगुडा हेतु एसडीओ हिरेन्द्र बघेल, बास्तानार एवं तोकापाल के लिए उप अभियंता एसएस पैकरा, बकावण्ड एवं बस्तर हेतु उप अभियंता आलोक मंडल और जगदलपुर ब्लॉक के लिए एसडीओ के. सुनिता को दायित्व सौंपा गया है।

### दस्तावेजों की जांच 9 को

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत प्रशिक्षण आवास समन्वयक, विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति किये जाने हेतु अभ्यर्थियों को उनके मूल प्रमाण-पत्रों की जाचं एवं मिलान हेतु 9 अप्रैल को प्रातः 09.30 बजे लाला जगदलपुरी जिला ग्रंथालय जगदलपुर में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत लिफाफा में अंकित पता पर पंजीकृत डाक के माध्यम से बुलावा पत्र यथा सूचना-पत्र भेजा गया है।

### कोबरा जवानों ने साथियों के साथ मनाई ईद



**जगदलपुर।** करणपुर स्थित कोबरा काम्प्लेक्स में कमांडेंट संतोष कुमार मल्ल, सभी अधिकारियों और जवानों ने अपने मुस्लिम साथियों के साथ मिलकर ईद मनाई। मुस्लिम जवानों ने अपने सभी धर्मों के साथियों के साथ देश में शांति और अमन की दुआ की । इस मौके पर बड़े खाने का आयोजन किया गया जिसमे कमांडेंट संतोष कुमार मल्ल में सभी को शांति और भाईचारे का संदेश दिया।

## कोंटा-गोलापल्ली मार्ग के उसकावाया में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित

# नक्सल उन्मूलन में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



सुकमा जिले के कोंटा से गोलापल्ली किस्टाराम को सीधा कनेक्ट करने के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुरक्षा बलों एवं जिला प्रशासन ने कोंटा-गोलापल्ली मार्ग के उसकावाया में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित किया है। इस नवीन कैम्प के स्थापित हो जाने से बहुत जल्द कोन्टा से गोलापल्ली-किस्टाराम सीधे संपर्क होने तथा सफर की दूरी पहले से आधा घटकर 40 किमी मीटर हो जायेगी जिसका सीधा फायदा आम जनता को मिलेगा। बारहमासी उपयोगी सड़क निर्माण कार्य मे गति लाने, विकासमूलक योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं माओवादियों गतिविधियों को अकुंश लगाने के उद्देश्य से स्थापित किया गया नवीन सुरक्षा कैम्प से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद की किरण लाई है। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अब तक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 376 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 48 माओवादी को मार गिराने व 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफल हासिल की है। जिला सुकमा के अंदरूनी क्षेत्रों नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो में तेजी लाने हेतु आईजी सुन्दरराज पी. डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा के मार्ग-दर्शन एवं एसपी किरण चव्हाण, खालीद खान कमाण्डेन्ट सीआरपीएफ 218 वाहिनी उमेश प्रसाद गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा आकाश राव गिरपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल कोन्टा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन से संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत जिला सुकमा एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र कोंटा-गोलापल्ली मार्ग में नवीन सुरक्षा कैम्प उसकावाया में 28 मार्च के स्थापित किया गया है ।

### वर्ष 2024 से अब तक कुल 12 नवीन कैम्प स्थापित

नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में माओवादियों के अन्तर्राज्यीय गतिविधियों पर अंकुश लगेगा व नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आप-पास क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें जैसे कि सड़क, पुल पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, अच्छी शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी का विस्तार आदि की सुविधायें मिल पायेगा। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के आम-जन उत्साहित है। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में नियद नेल्ला नार योजना अन्तर्गत कुल 12 नवीन सुरक्षा कैम्प टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, मुकराजकोण्डा, दुलेड़, पुलनपाड़, लखापाल, तुमालपाड़, रायगुडेम, गोलाकोण्डा, गोमगुड़ा, मेटागुड़ेम एवं उसकावाया नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित की गई है। लगातार नवीन कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव से माओवादी विचारधारा को त्यागकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से 376 माओवादियों के द्वारा आत्मसमर्पण किये एवं विभिन्न नक्सल विरोधी अभियानों में 48 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने तथा 351 माओवादियों को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की गई है।

## विधायक निवास पहुंचकर ग्रामीणों ने कहा, पानी की समस्या गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के गृह ग्राम धनियालुर में मंगलवार की सुबह पहुंचे ग्रामीणों ने पानी की समस्या को गंभीर बताते जल्द इसक निराकरण करने की गुहार लगाई। विधायक ने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में

■ विधायक ने कहा जलस्तर गिरने से हर गांव में जल संकट

जलस्तर गिरने से ऐसी समस्या सामने आ रही है। इसके लिए पीएचई विभाग के अधिकारियों को नलजल योजना हैंडपंप अन्य जलस्त्रोत पर उचित काम करने को कहा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी में पानी कम आने से मेरे विधानसभा क्षेत्र चित्रकोट के तोकापाल ब्लॉक के कई गांव में जल संकट की स्थिति निर्मित है। ग्राम मारेंगा की महिलाओं ने विधायक से गांव की समस्या के बारे में चर्चा की। इस दौरान विधायक ने कहा कि महिलाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार दोनों ने कई योजनाएं बनाकर लाभ पहुंचा रही है। महतारी वंदन योजना और महिला स्वसहायता समूह में पूरे प्रदेश में महिलाओं को आर्थिक सहायता प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि तेलीमारेंगा, बड़ेमारेंगा और सुलीमारेंगा में गांव के युवाओं को क्रिकेट के लिए पुरस्कार में 10-10 हजार दिए गए। इसी तरह मारेंगा गांव के कई समस्याओं को भी प्राथमिकता से दूर किया गया।

## पुसकोंटा के ग्रामीणों को मिली बिजली और पानी की सौगात

शतप्रतिशत घरों में बिजली पानी की पहुंच हुआ सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बीजापुर जिले के सुदूर क्षेत्र ग्राम पंचायत हीरापुर अर्न्तगत आश्रित ग्राम पुसकोंटा के सभी घरों में बिजली पानी की पहुंच सुनिश्चित हुई यहां नियद नेल्लानार योजना के तहत प्राथमिकता के साथ प्रत्येक घरों में बिजली और पानी पहुंचाया गया।

ग्रामीण देवा कुंजाम, भीमा माड्वी, नागू पोट्टाम एवं जमुना मिच्चा ने बताया कि गांव में पहली बार बिजली और पानी पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। जंगल के बीचों-बीच स्थित गांव होने के कारण रात के अंधेरे में जंगली जानवरों, सांप बिच्छू का भय बना रहता था। लेकिन अब बिजली पहुँचने के कारण गांव रौशन हो गया है। अब रात के अंधेरे का भय नहीं है।


वहीं गृहणी जमुना मिच्चा बताती है कि गांव के प्रत्येक घरों में जल-जीवन मिशन के तहत हर घर नल लगने के कारण पानी भरने के लिए अब घर से दूर हैण्डपंप जाने की जरूरत नहीं है। जमुना के छोटे-छोटे बच्चे है कभी बच्चों को घर में छोड़कर तो कभी बच्चों को साथ लेकर हैण्डपंप से पानी लाने में काफी मशक्कत करना पड़ता था किंतु अब घर में नल लगने से बच्चों का ध्यान रखने में भी सहूलियत हो रही है।

नियद नेल्लानार योजनान्तर्गत बिजली, पानी, सड़क कनेक्टिविटी, मोबाईल टावर सहित स्कूल, आंगनबाड़ी, जैसे बुनियादि सुविधाएं गांवो को मिलने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं बीजापुर जिले के सुदूर क्षेत्र भी अब विकास की धारा से जुड़कर अपने आने वाली पीढ़ी के लिए सुनहरा सपना देख रही है।

पुसकोंटा के ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की पहुंच अब गांव में होने से बुनियादि सुविधाओं की रफ्तार बढ़ रही हैं गांव में प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत, शौचालय सहित विभिन्न सुविधाओं को मुहैया कराने के लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## हिंगलाज बेड़ागांव मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





चैत्र नवरात्रि पर प्राचीन मुख्य हिंगलाज मूल मंदिर बेड़ागांव जो कि बस्तर संभाग, छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा के सभी मंदिरों के मूल गुरु पीठ के रूप में माता हिंगलाज

■ प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

विराजित है। इनकी 300 से अधिक अन्य ग्रामों में मंदिर प्रतिष्ठित है कि प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिपदा तिथि से प्रारम्भ हुआ। जिसके प्रथम दिवस में जलाधिवास में प्रतिमा को रखा गया। द्वितीय दिवस अन्ननाधिवास एवं तृतीय दिवस फलाधिवास जिसमें माता की प्रतिमा को कई प्रकार के फलों द्वारा आवरण कर रखा गया। इसके उपरांत माता बुधवार को नगर भ्रमण को निकलेगी। ततपश्चात इसकी प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। 300 से अधिक वर्षों से प्राचीन इस मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा लंबे अंतराल के बाद की जा रही है जिसके लिए ठाकुर अजय सिंह बैस द्वारा अपने माता पिता की स्मृति में सवा चार फीट की काले संगमरमर से जयपुर राजस्थान में निर्मित भव्य प्रतिमा प्रदान की गई है, तथा ठाकुर जितेंद्र सिंह बैस द्वारा 108 किलो का पीतल का घंटा समर्पित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए असम से आए हुए वेदपाठी ब्राह्मणों के द्वारा प्रतिदिन मुख्य यजमान के रूप में ठाकुर सतेंद्र सिंह बैस तथा पुजारी अर्जुन वैद्य द्वारा विभिन्न अनुष्ठानों के सहित प्रतिदिन रुद्राभिषेक,सत्यनारायण कथा, चंडी पाठ एवं चंडी होम किया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान विधायक किरण सिंह देव, लखेश्वर बघेल, विनायक गोयल, चैतराम अटामी, महापौर संजय पांडे, जनपद अध्यक्ष बकावंड, सोनबारी भद्रे, जनपद अध्यक्ष बस्तर संतोष बघेल पूर्व विधायक डॉक्टर सुभाऊ कश्यप रेखचंद जैन भी शामिल हों रहे हैं। नवरात्रि के उपरांत 8 अप्रैल को समापन के अवसर पर वार्षिक माता मंडई के अवसर पर बस्तर राजपरिवार से महाराजा कमल चन्द्र भंजदेव, राजमाता भी शामिल होंगे। अनिल सिंह बैस के मार्गदर्शन में हो रहे इस संपूर्ण कार्यक्रम प्रशांत सिंह बैस, प्रखर सिंह बैस प्रणव सिंह बैस प्रतीक सिंह बैस,सहित समस्त बैंस मालगुजार परिवार,चैन पुजारी, गजा पुजारी, अर्जुन पुजारी, जगदीश नाती पुजारी, डीपी देवांगन,जयभान सिंह राठौर, जयेश संघाणी, परेश राव, शशिकांत जोशी, रिंकू सेठिया लखन सरपंच, सचिव संतोष सेठिया, चंद्रसेना दीवान, टिंकू सेठिया सेवादार, बजानिया भक्त गण सेवा कर रहे है।

## जनचौपाल के माध्यम से सुदूर क्षेत्रों में प्रशासन की पहुंच सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले के अत्यंत सुदूर जिला की श्रेणी में आता है जहां कई गांवों तक प्रशासन की पहुंच नही बन पा रही थी नियद नेल्लानार योजना के तहत पुलिस सुरक्षा कैम्प स्थापित होने के फलस्वरूप अत्यंत सुदूर क्षेत्रों में अब प्रशासन की पहुंच बढ़ी वहीं उन सभी गांवों के ग्रामीणों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता सहित सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाए और प्रशासन की पहुंच सुदूर क्षेत्रों में हो इस हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सीईओ जनपद पंचायत द्वारा आपसी समन्वय से कार्य योजना बनाकर प्रत्येक सप्ताह जनचौपाल का आयोजन इन सुदूर क्षेत्रों में आयोजित कर शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ ग्रामीणों को मिले और ब्लॉक स्तर के सभी विभागीय अधिकारी जन चौपाल में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं उनसे लाभान्वित होने के लिए ग्रामीणों को जागरूक एवं प्रेरित करें उक्त निर्देश कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत स्वीकृत सभी कार्यो को गंभीरतापूर्वक समय-सीमा में संपादित करने बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में तेजी लाने एलडब्ल्यूई सर्वे का एंट्री चिंहाकित नक्सल पीड़ति एवं आत्मसमर्पित नक्सली को सभी प्रकार के आवश्यक दस्तावेज प्रदान कर उनको योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर को सुधारने के निर्देश दिए।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने त्याग सद्भावना व समर्पण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा महावीर कप क्रिकेट प्रतियोगिता

■ महावीर कप प्रतियोगिता में प्रतिदिन हो रहा रोमांचक महामुकाबला

का आयोजन हो रहा है। पहला मैच में ओसवाल महिला मंडल की अध्यक्ष प्यारी देवी नाहता एवं दूसरे मैच में सीएसपी आकाश श्रीश्री माल ने अतिथि के रुप में मंचासीन होकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। 31 मार्च को टीम सेवा ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। टीम वीर ने 12 ओवर तक बल्लेबाजी कर 95 रन 4 विकेट गंवा कर बनाएं और वही सेवा टीम ने 11 ओवर 1 गेंद पर 5 विकेट खोकर 95 रन बनाएं और यह मैच जीतकर अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच जितेंद्र टाटिया थे। दूसरा मैच शुभ वर्सेस धैर्य के बीच खेला गया। जिसमें धैर्य टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। शुभ टीम ने 12 ओवर तक बल्लेबाजी कर 97 रन 9 विकेट गंवा कर बनाएं और धैर्य को शुभ टीम ने 92 रन पर समेटकर यह मैच 5 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच राजेश बाफ़ना और पुलकित मिन्नी को संयुक्त रुप से दिया गया। अम्पायर करणदीप सग्गु, स्कोरर राहुल सुराना, देवेंद्र टाटिया, धैर्य लूनीया, कमेंट्रेटर जीतेन्द्र कोचर, नीरज दुग्गड थे। यह जानकारी जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य व मीडिया प्रभारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा व मनीष पारख ने दी।



## तिलक लगाकर नए सत्र का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में सोमवार को अप्रैल

■ शिक्षक- शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

माह के आरम्भ होने के साथ विद्यालय के नए सत्र का आगाज हुआ। उत्साहपूर्ण तरीके से विद्यालय कक्षा प्रवेश से पहले अध्यापकों ने पूजा अर्चना करते हुए छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत व सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कक्षा शिक्षण प्रारम्भ किया। प्राचार्य ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान करते हुए विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन करने की अपील की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक नए सत्र का आगाज किया। विद्यालय प्रबंधन सहित छात्र-छात्राएं व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सरलीकृत प्रक्रिया के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनाकर दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु राज्य शासन के द्वारा जारी सरलीकृत प्रक्रिया का अनुपालन करें। भूमिहीन परिवार के सदस्यों को ग्रामसभा के

■ राशनकार्ड में नए नाम जोड़ने सहित अन्य योजनाओं से सेचुरेशन करने के निर्देश

प्रस्ताव अथवा सम्बन्धित परिवार के किसी सदस्य को प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र के आनुषांगिक दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाए। जिले के अन्तर्गत राशनकार्ड में परिवारों के नए सदस्यों का नाम जोड़ने की कार्यवाही शुरू करें, जिससे सम्बन्धित सदस्यों को मनरेगा जाबकार्ड, आधार कार्ड, जनधन खाता और अन्य व्यक्तिमूलक योजनाओं से सेचुरेशन किया जा सके। कलेक्टर श्री हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, गणवेश प्रदाय एवं पाठ्य पुस्तक प्रदाय सर्वे सूची को आगामी 20 अप्रैल तक अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा के दौरान जिला खनिज न्यास निधि के मद से एजेंसीवार स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यो को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए हर महीने पात्र होने वाले हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए और प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय में आगामी 6 माह के लिए उक्त कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने कहा। उन्होंने बैठक में जन शिकायत और पीजी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, डीएफओ उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, प्रवीण वर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**योजनाओं की समीक्षा :** कलेक्टर ने नियद नेल्लानार के सर्वे सूची में नॉट एलिजिबल, एलिजिबल नॉट बेनिफिटेड, लंबित सर्वे की समीक्षा करते हुए आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बनाने के लक्ष्य के आधार पर सभी विकासखंड और तहसीलवार पोर्टल में एंट्री करवाते हुए पात्र हितग्राहियों का प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने चिन्हांकित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के सर्वे और योजनाओं के क्रियान्वयन पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की।

### जनपद पंचायतों में गृह प्रवेश कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** विगत दिवस कुआकोंडा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत मैलावाड़ा एवं दंतेवाड़ा जनपद पंचायत के ग्राम चिंतालुर एवं बालपेट में शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधान मंत्री आवास योजना के लाभार्थी नवनिर्मित घर में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमे जनपद अध्यक्ष सुकालू मुदमी, जनपद उपाध्यक्ष दीपिका सुमित भदौरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष भीमा राम कवासी, सरपंच राम कुमार नाग, जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जनपद सदस्य कुणाल ठाकुर, पंचगण एवं आवास योजना लाभार्थियों की उपस्थिति, सीईओ जनपद पंचायत के नेतृत्व में जनपद स्तरीय आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया,कार्यक्रम में एडीएओ, प्रभारी जनपद समन्वयक, रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विधायक ने वाटरशेड यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कांकेर।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनांतर्गत डब्ल्यूडीसी पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजना वर्ष 2021-22 से जिले में संचालित है। इसके कुशल संचालन एवं वाटरशेड विकास कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशाराम नेताम ने जिला कार्यालय परिसर में वाटरशेड यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी सह उपसंचालक कृषि ने इस संबंध में बताया कि वाटरशेड यात्रा ग्राम पंचायत कोकपुर में निकाली गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत खमडोढ़गी बांध और प्राथमिक शाला खमडोढ़गी से वाटरशेड यात्रा निकाली गई, जिसमें मांदरी नृत्य, फिल्म प्रदर्शन और मानव श्रृंखला बनाकर शपथ भी दिलाई गई। वाटरशेड यात्रा में निर्धारित गतिविधि अनुसार ग्राम पंचायत के सदस्य एवं ग्रामवासियों के द्वारा आवश्यक सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कोमरा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### तबीयत खराब होने से नवजात की मौत, मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नहरूनगर नारायणपुर के नवजात की तबीयत खराब होने के कारण ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार तीन माह की चित्रांशी का स्वास्थ्य अचानक 29 मार्च को बिगड़ने लगा। ईलाज के लिए धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 30 मार्च को शाम लगभग 7 बजे मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान युवक की हुई मौत, विवेचना जारी

कांकेर। दुर्गूकोंदल थानांतगत शीतलापारा बोदेली निवासी 35 वर्षीय मरेराम तुलावी की रायपुर के निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान रायपुर के निजी अस्पताल में 22 फरवरी को मौत हो गई। रायपुर के थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी दुर्गूकोंदल थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### शिकायत निवारण के लिए अधिकारी नियुक्त

**जगदलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित शिकायत निवारण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही समस्या समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोलफ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड एचएस मरकाम ने बताया कि उक्त टोलफ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का सुधार किया जा रहा है। साथ ही क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

## सौगात : विधायक ने नरहरपुर क्षेत्र की जनता को समर्पित की उपलब्धि

# सड़क चौड़ीकरण के लिए 40 करोड़ 22 लाख रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर



नरहरपुर से जुनवानी मोड़ तक सड़क संकरा होने के कारण आम जनता को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे लेकर लगातार चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। विधायक आशाराम नेताम के प्रयासों से उक्त सड़क के चौड़ीकरण के लिए चालीस करोड़ बाइस लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान कराकर क्षेत्र की जनता को एक बड़ी सौगात दी, जिसे लेकर विधायक के नरहरपुर आगमन पर पार्षद व पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती के नेतृत्व में विश्राम सिंह चौक पर आतिशबाजी कर गमछा पहनाकर व गुलाल लगाकर स्वागत कर इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। विधायक आशाराम ने सभी को इस सफलता के लिए बधाई दी तथा कहा की जनता के हितों के लिए विपक्ष में रहकर सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर मुकेश संचेती ने पदयात्रा निकाली थी, जिसमें क्षेत्र की बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। तब मैं भी उस यात्रा में सहभागी रहा तब मैंने जनता की तकलीफ़ को प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया था। तब से मन में रहा की इस समस्या का समाधान जब तक नहीं होगा तब तक हम प्रयास करते रहेंगे और निसंदेह जनता के हितों के लिए सदैव मुकेश संचेती जैसे भाजपा कार्यकर्ता ही संघर्ष करता है और इसी का परिणाम है कि आज इस सड़क चौड़ीकरण की स्वीकृति मिली।

यह उपलब्धि नरहरपुर क्षेत्र की जनता को समर्पित है। हम मिलकर नरहरपुर क्षेत्र में विकास कराएंगे तथा जनता के बीच भाजपा सरकार की योजनाओं को लेकर जाएंगे तथा क्षेत्र में विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे। कांग्रेस सरकार के समय नरहरपुर क्षेत्र की जनता ने नरहरपुर से कांकेर जो की जिला पहुँच मार्ग होने के कारण क्षेत्र की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। परंतु नरहरपुर से जुनवानी मोड़ तक सड़क संकरा होने के कारण आम जनता को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिसे लेकर लगातार चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। परंतु तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया वहीं तब भाजपा कार्यकर्ता व पार्षद मुकेश संचेती ने नरहरपुर से जुनवानी तक सड़क चौड़ीकरण को लेकर क्षेत्र की जनता के साथ बड़ी संख्या में पद यात्रा निकाली थी। तब उक्त पदयात्रा में भाजपा जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष आशाराम नेताम भी उक्त पदयात्रा में शामिल होकर जनता के हितों की लड़ाई में अपनी भागीदारी निभाई थी। पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद मुकेश संचेती ने कहा की जिला मुख्यालय कांकेर जाने के लिए यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण है और यह मार्ग काफ़ी सकरा होने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं तथा कईयो ने तो अपनी जान भी इस सकरी सड़क के कारण गवाई है, जिससे कारण यह मांग हर हाल में सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया था और तत्कालीन कांग्रेस सरकार में हमने पदयात्रा निकाली थी, जिसमें इस क्षेत्र की जनता का सहयोग मिला था। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने व कांकेर में भाजपा से आशाराम नेताम के विधायक बनने के बाद से ही यह मांग विधायक के लिए प्राथमिकता में रखी गई थी तथा विधायक ने सभी को भरोसा दिलाया था कि जल्द इस मांग को हमारी सरकार पुरी करेगी और आज सरकार द्वारा ने इस मांग को पूरी करने पर हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक आशाराम नेताम का आभार जताया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता भरत मटियारा, मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, धनेश कौशिक, लक्ष्मी नारायण साहू, भोपेश नेताम, भागवत शोरी, जसराज चोपड़ा, नितेश मगेद्र, राजेश नाग, आसकरण धुव, पंचू राम साहू, पुष्कर सिन्हा, गोपाल साहू, तरुण निषाद, आशा रावटे, उमा सिन्हा, रेवति सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, रंगिता उईके, डायमंड सिन्हा, जयराम मरकाम, सिताराम पटेल व बल्लू मंडावी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पैराडाइज स्कूल में नए सत्र का हुआ शुभारंभ उत्साह पूर्वक किया गया विद्यार्थियों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में छात्र-छात्राओं का 1 अप्रैल से स्कूल पुनः प्रारंभ हुआ, जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चे प्रथम दिवस स्कूल पहुचकर अत्यंत ही आनंदित हुए। प्रार्थना सभा सरस्वती वंदना, मोरल सॉन्ग, स्पोकन इंग्लिश, योग तथा ध्यान का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय गीत के साथ संपन्न हुआ। सभी बच्चें गीली मिट्टी से दीए, ग्लास, कप, कटोरी एवं गमला आदि बहुत सी चीजे बनाकर अत्यत प्रसन्न एवं आनंदित हुए।

प्रथम दिवस में स्कूल मैनेजमेंट द्वारा बनाई गई समय सारणी अनुसार कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के सभी विषय शिक्षकों द्वारा अध्यापन प्रारंभ हो गया है। सभी बच्चों ने पूर्ण मनोयोग से प्रथम दिवस मे अध्ययन अध्यापन मे भाग लिया। इसके पश्चात प्राचार्य रश्मि रजक एवं सभी शिक्षकों द्वारा प्री-नर्सरी, मिडिल एवं हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी के प्रत्येक बच्चों को तिलक वंदन एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया छात्र-छात्राए, शिक्षकों द्वारा किए गए स्वागत से बहुत ही भाव विभोर हुए अपनी गुरूओं के प्रति कृतज्ञता अर्पित की। इसी प्रकार प्री-नर्सरी एवं प्राइमरी के बच्चों का भी स्वागत किया गया। कक्षाओं को नई साज सज्जा के साथ डेकोरेट किया गया। कक्षा अनुसार आरामदायक नए-नए फर्नीचर की व्यवस्था के साथ-साथ प्राइमरी एवं प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए नए विशाल झूला एवं स्लाइडर उपलब्ध कराए गए है, जिससे बच्चें खेल एवं मनोरंजन के साथ ज्यादा से ज्यादा स्कूल में उपस्थित होंगे। सभी लैब, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, मैथ्स लैब, रोबोटिक लैब, इनडोर गेम्स रूम, संगीत, वाद्य यंत्र आर्ट एवं क्राफ्ट क्लास को अत्यधिक आकर्षक बनाकर और अधिक डेवलप किया गया है। इस अवसर पर अलबेलापारा पार्षद उगेश्वरी उइके, एमजी वार्ड पार्षद मीरा सलाम, मिसेस एशिया इंटरनेशनल एवं मिसेस इंडिया अर्थ ममता प्रसाद प्रजापति ने सभी बच्चों को नई कक्षाओं में प्रवेश की शुभकामनाएं दी एवं प्रथम दिवस में उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि सभी शिक्षकों का अथक परिश्रम एवं अध्ययन अध्यापन द्वारा सफलतापूर्वक स्कूल बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षण प्रदान कर रहा है।

## आवासीय खेल अकादमी में खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 21 से

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 से जिले में संचालित की जाने वाली आवासीय खेल अकादमी हॉकी बालक-बालिका, तीरंदाजी बालक-बालिका तथा फुटबॉल बालिका एवं एथलेटिक्स बालक-बालिका का खेल अकादमी में खिलाड़ियों के नवीन प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि 21 से 23 अप्रैल तक तीरंदाजी बालक-बालिका तथा फुटबॉल बालिका रायपुर कोटा एवं तीरंदाजी एरिना बालिका छात्रावास में किया जाएगा, जिसमें 21 अप्रैल को पंजीयन, 22 को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं 23 को कौशल दक्षता परीक्षण किया जाएगा। हॉकी बालक-बालिका का आयोजन 25 से 27 अप्रैल कोटा एवं हॉकी स्टेडियम पिच-2 बालक छात्रावास के सामने रायपुर में किया जाएगा, जिसमें 25 को पंजीयन, 26 को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं 27 अप्रैल को कौशल दक्षता परीक्षण किया जाएगा। चयन ट्रायल में जिले के 13 से 17 आयु वर्ग के उक्त संबंधित खेल में उपलब्धि धारक 05 बालक एवं 05 बालिका अधिकतम 10 खिलाड़ियों को सम्मिलित किया जाएगा। ऐसे जिले जहां नैसर्गिक खेल प्रतिभाएं विद्यमान हैं तथा भविष्य में इनका अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना है, उन जिलों से खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। चयन ट्रायल में जिलों से सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था आयोजन स्थल में किया गया है। जिले के खिलाड़ी जो चयन ट्रायल में भाग लेना चाहते हैं, वे खेल से संबंधित जिला, राज्य या राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने संबंधी प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित 11 अप्रैल तक कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण इंडोर स्टेडियम भवन कांकेर में अपनी उपस्थिति दे सकते हैं।

## मानव अधिकार संस्थान के जिला उपाध्यक्ष बने बीरबल



**कांकेर।** मानव अधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. रमेश कश्यप के निर्देशानुसार अजीम कुरैशी जिलाध्यक्ष ने बीरबल गढ़पाले को उपाध्यक्ष कांकेर नियुक्त किया। बीरबल गढ़पाले पिता सुकदेवराम गढ़पाले समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रीय रहते हैं। पूर्व में भी उन्होंने छग प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला सचिव रहे हैं एवं बौद्ध समाज उत्तर बस्तर कांकेर के अध्यक्ष रहे तथा वर्तमान में भारतीय बौद्ध महासभा जिला कांकेर के अध्यक्ष पद पर कार्यरत है।

उनके इन्हीं सेवा भाव को देखकर मान अधिकार सहायता संस्थान भारत के जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मानव अधिकार सहायता संस्थान भारत का उद्देश्य है कि बुराइयों के खिलाफ संगठन की आवाज को हमेशा बुलंद रखना। संगठन की मजबूती और जन कल्याणकारी योजना की पूर्ति के लिऐ ईमानदारी लगन और निष्ठा से काम करना है। वही बीरबल गढ़पाले ने कहा कि जिस तरह से मुझे मानव अधिकार सहायता संस्थान भारत के द्वारा कांकेर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मैं पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा।

जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भट्ट, राजेन्द्र बोरकर, सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, शिव सिंह भदौरिया, रामशरण जैन, दीलीप धुरव, छेदीलाल नेताम, नरेन्द्र वर्मा, हेमन्त ठाकुर, महेन्द्र शर्मा, प्रदीप राव कदम, सत्येन्द्र सिंह बघेल, सुमन्त यादव, बीसन लाल पटेल, नारायण नेताम, सज्जाद खान, रामनारायण ठाकुर, दर्शन साहू, जगमोहन वैद्य, गेंदसिंह नेताम, भुनेश्वर पटेल, गोविंद शर्वा, नितेश नेताम, गोपाल सिंह ठाकुर, पुनीतराम बघेल आदि ने बधाईयां दी।

## कार्यकर्ताओं ने रक्तदान, मरीजों को फल व वृद्धाश्रम में साड़ी वितरण कर मनाया भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन के जन्म दिवस रक्तदान, मरीजों को फल व वृद्धाश्रम में फल व साड़ी वितरण कर मनाया गया। युवा मोर्चा के द्वारा ब्लड डोनेशन व शासकीय कोमल देव अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया एवं नांदनमारा वृद्धा आश्रम मे साड़ी व फल वितरण कर आश्रम में रह रहे मातृ शक्तियों से आशीर्वाद लिया और साथ ही भाजपा कार्यलय के पीछे वृक्षारोपण किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन का जन्मदिवस कमल सदन अलबेलापारा में मनाया गया। जहां शहर मंडल के अलावा पूरे जिले के अन्य मंडलों से आए कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने उन्हे शुभकामनाऐं प्रेषित की। इस अवसर पर कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम ने भी बधाई दिया। जिलाध्यक्ष महेश जैन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे जन्मदिवस पर मिले इस बधाई व शुभकामना के लिए सभी को बहुत बहुत आभार।

इस अवसर पर भी संगठन के दायित्वों का निर्वहन करते हुए आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो कार्य दिए है उनकी जानकारी सभी के सामने रख रहा हु, इसे सभी को साथ मिलकर करना है। आगामी भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू होगा, जिसे पुरे जिले में बुथ स्तर पर करना है।

इसके लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कमर कसकर तैयार रहे पुनः सभी को आभार करते हुए अपना सम्बोधन समाप्त किया। भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ ही जिला कोषाध्यक्ष राजा देवनानी को भी जन्मदिन की शुभकामनाएं कार्यकर्ताओं ने दी।

## फोर्टिफाइड राइस वितरण के लिए नुक्कड़ नाटकों से लोगों को किया जा रहा जागरूक



**कांकेर।** विश्व खाद्य कार्यक्रम अंतर्गत खाद्य नागरिक आपूर्ति, समाज कल्याण विभाग कल्याण फाउंडेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा फोर्टीफाइड राइस वितरण के प्रचार-प्रसार के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। यह नाटक हल्बी, छत्तीसगढ़ी बोली भाषा में कलाकारों द्वारा कांकेर और चारामा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से यह बताया गया कि कुछ समय से राशन दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा वितरित किए जा रहे चांवल में फोर्टिफाइड चावल मिक्स रहता है, जिसे लोग प्लास्टिक का चावल समझते हैं, जबकि यह प्लास्टिक का चावल नहीं है। फोटिफाइड चावल में विटामिन बी12, आयरन और फोलिक एसिड को मिश्रित किया गया चावल है, जिससे खून की कमी के साथ-साथ नस नाड़ियों को भी लाभ मिलता है। चांवल को पानी में धोते समय यह ऊपर आ जाता है तथा यह प्लास्टिक की तरह भी दिखता है, पर यह प्लास्टिक नहीं होता। यही जानकारी ग्रामीणों तक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पहुंचाई जा रही है।

## आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी के निर्देशानुसार अनुभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर एसडीएम को जिले में आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कांकेर जिले में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो रही है, जिसके रोक थाम के लिए अब तक जिला प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है। ट्रक भी अब बसों कि तरह तेज रफ़्तार से चल रहे हैं और हर दो दिन में लोगो को रौंद रहे। रोड़ पर अब बाइक या पैदल चलने लायक नहीं है। ट्रॉफिक पुलिस केवल शहरों में ही लगते हैं, उन्हें नेशनल हाईवे पर भी तैनात किया जाए, रोड़ पर सीसी टीवी कैमरा का व्यवस्था किया जाए और साथ ही हाईटेक शहरों कि तरह अधिक गति वाले गाड़ियों के ऑनलाइन चालान काटने जैसे नियम बनाए, शराब पीकर गाड़ी चलाया जाता है उनके रोक थाम के लिए नियमित चेक किया जाए। माकड़ी खुना चौक पर जो बॉर्डर बनाया गया है वह किस लिए और किस तरह से है, यह अब तक समझ नहीं आया है। हम गुमराह हो जाते हैं कि किधर से जाए भानु रोड़, जाते समय तो एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है उसे जल्द से जल्द ठीक किया जाए। ज्ञापन सौंपने में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष योगेश नरेटी, सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग कांकेर ब्लाक अध्यक्ष छविन मंडावी, पितांबर शोरी उप सरपंच, अजय सलाम, सचिन नेताम, दुर्गेश, मीनू ताराम, ऋतु कवाड़े व संजन उपस्थित रहे।

### पेयजल व्यवस्था के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**कांकेर।** जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी ग्रामों में पेयजल समस्या होने अथवा हैंडपंप खराब व बंद की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके अलावा टोल फ्री नम्बर पर भी शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित निराकरण किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला, विकासखण्ड एवं जनपद स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उनका मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पंचायत सचिवों की हड़ताल को मिला विधायक का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

- धरना स्थल पर पहुंची विधायक ने बताया सचिवों की मांग को जायज



पंचायत सचिव संघ पीछले 15 दिनों से एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। इसी बीच धरना स्थल पर भानुप्रतापपुर क्षेत्र के विधायक धरना स्थल पर पहुंचकर सचिवों के मांगों को जायज बताते हुए उनका समर्थन किया।

विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने समर्थन में कहा कि पंचायत सचिवों की एक सूत्रीय मांग जायज है और विधानसभा चुनाव के समय भाजपा ने मोदी की गारंटी में चुनावी घोषणा पत्र में लिया था। मगर आज भाजपा की सरकार लगभग 500 दिन होने जा रहा है, जो कि मोदी की गारंटी के तहत नियमित करने कि बात कही थी वह आज तक नहीं कर रही है, सचिवों के साथ अन्याय है। मैं इस मुद्दे को विधानसभा सत्र के दौरान भी रखी थी, मगर सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, मैं आप लोगो के साथ हूं। वही भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि आप लोगों की मांग जायज है। आजादी के पहले महात्मा गांधी ग्राम स्वराज की सपना देखा था और जिसमें सचिवों का स्थान महत्वपूर्ण था, जिसे देश में पंचायती राज लागू हुआ तो सचिवों को प्रमुख स्थान मिला था और आज सरकार किसी प्रकार से आप लोगों के मांगों का ध्यान नहीं दे रही है। मगर इस संबंध में पिछली सरकार ने सचिवों के बारे में बहुत कुछ निर्णय सचिवों के पक्ष में किया था, फिर भी आज भाजपा की सरकार आप लोगों के संबंध में कोई ध्यान नहीं दे रही है।

विष्णुदेव साय सरकार के द्वारा गारंटी के साथ मोदी की गारंटी को अमल कर प्रदेश भर के सचिवों को शासकीयकरण कर देना चाहिए। हमने ठाना है, शासकीयकरण लेकर रहेंगे। जनता इस समय परेशान हैं। विकास कार्य बंद पड़े हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ब्लॉक अधिकारी के द्वारा विधायक को अपने एक सूत्री मांग को लेकर संयुक्त रूप से ज्ञापन छप गया देश में अपनी मांगों को रखा और आगे की लड़ाई में साथ में रहने की बात कही इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शोपसिह आंचला, विधायक प्रतिनिधि हुमन मरकाम, भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, तोरण दुग्गा, मुकेशवरी नरेटी, पार्वती शोरी, हृदय बघेल, नरेंद्र कुमार पटेल, नरेंद्र जैन, महात्मा दुग्गा एवं अन्य कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं सचिव संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411